मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

932 **825(GE)**

**2015**

# सामाजिक विज्ञान

केवल प्रश्नपत्र

( ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास )

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*निर्देश :* i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों **क** एवं **ख** में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाय।

[ Turn over



https://www.upboardonline.com



ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

iii) प्रश्नपत्र में **चार** प्रकार के प्रश्न हैं – बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व विस्तृत उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

iv) **क** तथा **ख** खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से **खण्ड - क** में प्रश्न संख्या **14** तथा **खण्ड - ख** में प्रश्न संख्या **28** के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं।

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



## खण्ड - क

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. किस यूरोपीय शक्ति ने भारत में सबसे अन्त में प्रवेश किया ?

   (क) हालैण्ड

   (ख) इंग्लैण्ड

   (ग) फ्रांस

   (घ) पुर्तगाल। 1

2. प्लासी के युद्ध में निम्नलिखित में से किसकी पराजय हुई थी ?

   (क) लार्ड क्लाइव

   (ख) सिराजुद्दौला

   (ग) मीरजाफर

   (घ) मीरकासिम । 1



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



3. प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) के दौरान भारत का गवर्नर जनरल कौन था ?

   (क) लार्ड केनिंग

   (ख) लार्ड डलहौजी

   (ग) लार्ड नार्थब्रुक

   (घ) लार्ड मेयो। 1

4. लाला हरदयाल थे एक

   (क) वैज्ञानिक

   (ख) समाज सुधारक

   (ग) शिक्षाविद

   (घ) क्रान्तिकारी। 1

https://www.upboardonline.com

5. भारतीय संघ में कुल कितने राज्य और संघीय क्षेत्र हैं ?

(क) 28 राज्य और 6 संघीय क्षेत्र

(ख) 29 राज्य और 6 संघीय क्षेत्र

(ग) 28 राज्य और 7 संघीय क्षेत्र

(घ) 29 राज्य और 7 संघीय क्षेत्र । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

6. गुट निरपेक्ष आन्दोलन का सर्वप्रथम शिखर सम्मेलन किस नगर में हुआ था ?

(क) नई दिल्ली

(ख) काहिरा

(ग) बेल्ग्रेड

(घ) जकार्ता। 1

[ Turn over



https://www.upboardonline.com



## ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

7. यूरोप से भारत पहुँचने के लिए समुद्री मार्ग की खोज किसने की थी ? वह किस देश का निवासी था ? 1 + 1

8. भारत के किन **चार** राज्यों की सीमा पाकिस्तान की सीमा को स्पर्श करती है ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

9. भारत के किन्हीं **चार** राज्यों के नाम लिखिए जहाँ विधान परिषद है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

## ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

0. लोक सभा अध्यक्ष के प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए। 3

**अथवा**

भारतीय न्याय व्यवस्था में लोक अदालतों के महत्व का वर्णन कीजिए। 3

https://www.upboardonline.com

11. भारत की विदेश नीति के मुख्य सिद्धान्त क्या हैं ? किन्हीं **तीन** का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1

**अथवा**

भारत की आन्तरिक सुरक्षा से सम्बन्धित किन्हीं **तीन** समस्याओं का वर्णन कीजिए। 1 + 1 + 1

**( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )**

12. औद्योगिक क्रान्ति से आपका क्या आशय है ? इसका प्रारम्भ इंग्लैण्ड में ही क्यों हुआ ? इस क्रान्ति का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा ? किन्हीं **तीन** का उल्लेख कीजिए। 1 + 2 + 3

**अथवा**

द्वितीय विश्वयुद्ध कब समाप्त हुआ ? इसमें किसकी पराजय हुई ? इस युद्ध के क्या परिणाम हुए ? किन्हीं **चार** पर प्रकाश डालिए। 1 + 1 + 4

[ Turn over





13. सर्वोच्च न्यायालय किस प्रकार के मुकदमों की सीधी सुनवाई कर सकता है ? इसे संविधान का संरक्षक क्यों कहा जाता है ? 4 + 2

**अथवा**

लोक अदालत गठित करने का उद्देश्य क्या है ? इसकी मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 2 + 4

**( मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न )**

*निर्देश :* निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिये $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है :

14. (i) उत्तर प्रदेश का वह नगर जहाँ कुम्भ मेला आयोजित होता है। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ स्वर्ण मन्दिर स्थित है। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) वह नगर जहाँ गोपालकृष्ण गोखले ने 'सर्वेन्ट्स ऑफ इन्डिया सोसाइटी' स्थापित की थी। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) वह नगर जहाँ गाँधीजी का जन्म हुआ था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह नगर जहाँ भारतीय वायु सेना का मुख्यालय है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

4. (i) उत्तर प्रदेश में कुम्भ मेला किस नगर में आयोजित होता है ? क्या यह उत्तर प्रदेश की राजधानी है ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) स्वर्ण मन्दिर किस नगर में स्थित है ? राज्य का नाम भी लिखिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) गोपालकृष्ण गोखले ने 'सर्वेन्ट्स ऑफ इन्डिया सोसाइटी' की स्थापना किस राज्य और किस नगर में की थी ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

[ Turn over





(iv) गाँधीजी का जन्म किस नगर में हुआ था ? यह किस राज्य में स्थित है ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) भारतीय वायुसेना का मुख्यालय किस नगर में है ? उस राज्य अथवा संघीय क्षेत्र का नाम लिखिए जहाँ यह नगर स्थित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

## खण्ड - ख

**( बहुविकल्पीय प्रश्न )**

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. मालाबार तट कहा जाता है

(क) पश्चिमी समुद्रतटीय मैदान का उत्तरी भाग

(ख) पश्चिमी समुद्रतटीय मैदान का दक्षिणी भाग

(ग) पूर्वी समुद्रतटीय मैदान का उत्तरी भाग

(घ) पूर्वी समुद्रतटीय मैदान का दक्षिणी भाग। 1

16. निम्नलिखित में से कौन औद्योगिक फसल है ?

(क) गेहूँ

(ख) दालें

(ग) मक्का

(घ) चाय। 1

17. निम्नलिखित में से कौन संचार का माध्यम है ?

(क) जल परिवहन

(ख) भूतल परिवहन

(ग) दूरदर्शन

(घ) वायु परिवहन। 1

18. वस्तु विनिमय सम्बन्धित है

(क) वस्तुओं के उत्पादन से

(ख) मुद्रा से

(ग) मजदूरी निर्धारण से

(घ) वस्तुओं का आदान-प्रदान से। 1

[ Turn over



https://www.upboardonline.com



19. भारत का आर्थिक विकास निर्भर है

(क) बड़े पैमाने के उद्योगों पर

(ख) लघु पैमाने के उद्योगों पर

(ग) कुटीर उद्योगों पर

(घ) सभी प्रकार के उद्योगों पर। 1

20. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना कब हुई थी ?

(क) 1935 में

(ख) 1947 में

(ग) 1951 में

(घ) 1955 में । 1

https://www.upboardonline.com

( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

21. वर्षा जल संचयन से क्या तात्पर्य है ? 2

22. विकासशील देशों के आर्थिक विकास की कोई **दो** समस्याएँ बताइए। 1 + 1

23. आर्थिक नियोजन के कोई **दो** उद्देश्य बताइए। 1 + 1

( लघु उत्तरीय प्रश्न )

24. 'आपरेशन फ्लड' का क्या तात्पर्य है ? इसके **दो** महत्वों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1

**अथवा**

हरित क्रान्ति किसे कहते हैं ? भारत में हरित क्रान्ति के कोई **दो** लाभ बताइए। 1 + 1 + 1

5. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के किन्हीं **तीन** महत्वों को बताइए। 1 + 1 + 1

**अथवा**



https://www.upboardonline.com

विदेशी व्यापार को स्पष्ट कीजिए तथा उसकी **दो** आवश्यकताओं पर प्रकाश डालिए। 1 + 1 + 1

( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

26. भारत के हिमालय पर्वतीय प्रदेश का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों में कीजिए : 2 + 2 + 2

(क) स्थिति एवं विस्तार

(ख) धरातलीय संरचना

(ग) जल प्रवाह।

**अथवा**

भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले **तीन** कारकों को बताइए। 2 + 2 + 2

27. कृषि निविष्टियों से आप क्या समझते हैं ? कृषि के लिए कोई **पाँच** आवश्यक निविष्टियों को बताइए।

1 + 1 + 1 + 1 + 1 + 1

**अथवा**

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि और उद्योगों के योगदान पर प्रकाश डालिए। 3 + 3

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com https://www.upboardonline.com

**निर्देश :** निम्नलिखित को दिये गये भारत के मानचित्र में दर्शाइए :

28. (i) कृष्णा नदी / चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) कहवा उत्पादक क्षेत्र ▨ चिह्न द्वारा । 1

(iii) पटना नगर ⦿ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) कागज उद्योग का एक केन्द्र ▲ चिह्न द्वारा नाम सहित। https://www.upboardonline.com $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) हिमाचल प्रदेश राज्य की राजधानी ● चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

[ Turn over



( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) गोमुख हिमनद से निकलने वाली नदी का नाम लिखिए। 1

(ii) चाय उत्पादक **दो** राज्यों के नाम बताइए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी के नाम बताइए। 1

(iv) सूती वस्त्र उद्योग के **दो** केन्द्रों के नाम बताइए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) पश्चिमी समुद्र तट पर स्थित किसी **एक** बन्दरगाह का नाम बताइए। 1

---

**825(GE) - 6,90,000**

https://www.upboardonline.com https://www.upboardonline.com